यूथ रेडक्रास इकाई द्वारा संपादित गतिविधियॉ

सत्रः2016–2017

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

वृहत सफाई अभियान

स्वच्छता को आचरण मे लाने के प्रयासों के तहत यूथ रेडकास के विद्यार्थियों ने वाणिज्य विभाग व महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया । इस कार्य में शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही । विद्यार्थियों ने यह प्रण किया कि वे सफाई के आदत को अपने आचरण में लाएंगें।

रक्षा बंधन के अवसर पर नक्सल पीड़ित बच्चों को राखी बांधी

शहर में नक्सल पीडित बच्चों हेतु एक छात्रावास संचालित है जिसमें सौ से अधिक नक्सल पीड़ित परिवारों के बच्चे रहकर अध्ययन कर रहे है। जिनके माता–पिता इस दुनिया में नहीं है। यूथ रेडकास के विद्यार्थियों ने रक्षा बंधन के अवसर पर संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बच्चों के बीच जाकर सभी को राखी बांधकर उन सबमे मिष्ठान का वितरण किया ।

<u>दिवाली में गरीब बच्चों में पटाखों का वितरण</u>

दीवाली के अवसर पर यूथ रेडक्रास के विद्यार्थियों ने ग्राम आशा नगर (राजनांदगांव) जाकर वहां के गरीब बच्चों को मुफ्त में पटाखे बांटे व उन सभी का मुह मीठा करवाया।

<u>रेडक्रास के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम जाकर लिया बुजुर्गों का आर्शीवाद</u>

अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर यूथ रेडकास के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम जाकर वृद्धों को उपहार बांटे,मिष्ठान वितरण किया व 3 घंटे उनके मध्य उपस्थित रहकर उनकी जिंदगी के अनुभवों को जाना व सीखा।

आवासहीन गरीबों में बांटे कम्बल

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी युथ रेडकास के विद्यार्थियों ने जनवरी माह में अर्द्धरात्रि में शहर का भ्रमण कर आवासहीन ठंड से ठिठुरते जरूरतमंद गरीबों में कंबल बांटे। इस कार्यकम में लगभग 20 विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

दंत रोग परामर्श शिविर का आयोजन

यूथ रेडकास द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क दंत रोग परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र –छात्राओं के अलावा शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी अपने दांतों की जांच करवाई।

विस्तार गतिविधियां

यूथ रेडकास के विद्यार्थियों द्वारा विस्तार गतिविधयों के तहत मुख्यमंत्री द्वारा गोद लिए ग्राम सुरगी के स्कूल परिसर के सफाई के तथा नाटक के माध्यम से नशे से दुर रहने के सीख स्कूली विद्यार्थियों व
ग्रामीणों को दी।

बॉडी फैट्स एनालिसिस शिविर का आयोजन

सत्र के दौरान यूथ रेडकास के सौजन्य से बॉडी फैट्स एनालिसिस शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने जांच करवाई।

नि :शुल्क चिकित्सा परामर्श केन्द्र का संचालन

यूथ रेडकास इकाई द्वारा महाविद्यालय में शिक्षको,कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क चिकित्सा परामर्श केन्द्र संचालित है जिसमें इस सत्र मे 206 लोगो ने इस स ुविधा का लाभ उठाया।

यूथ रेडकास द्वारा रक्तदान

जरूरतमंद लोगो को रक्तदान करने के क्षेंत्र में महाविद्यालय की यूथ रेडकास इकाई की एक विशिष्टह पहचान बन गई है इस सत्र में युथ रेडकास के 43 विद्यार्थियों ने जरूरतमंद लोगो को रक्तदान किया।